वर्ष: 14 - अंक : 158, मुंबई, सोमवार, 19 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उद्धव ठाकरे का 'मिशन मुंबई'

### 18 दिग्गज नेताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में बीजेपी नीत महायुति को रोकने में सफल रहे पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में अपनी सत्ता वापस लाने की तैयारियों में जुट गए हैं। इसके लिए उन्होंने महाराष्ट्र के 42 लोकसभा क्षेत्रों में शिव सर्वेक्षण अभियान चलाया था। जिसके बाद उद्धव की शिवसेना ने मिशन मुंबई पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। उद्धव ने मुंबई की 36 विधानसभा सीटों पर पकड़ मजबूत करने का रोड मैप तय करने के मकसद से अपने निवास मातोश्री पर पार्टी के प्रमुख नेताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में शिव सर्वेक्षण अभियान के दौरान नियुक्त पदाधिकारियों से चर्चा की गई। (शेष पृष्ठ 3 पर)



## अबु धाबी से अवैध रूप से ला रहे थे सोना

### मुंबई हवाई अड्डे पर दो यात्री गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अबु धाबी से आए दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें सीमा शुल्क के बिना 4.52 किलोग्राम सोने की भस्म को मोम के रूप में ले जाने के आरोप में पकड़ा गया। एक अधिकारी ने बताया कि इन यात्रियों से जब्त किए गए सोने की कीमत लगभग 3.33 करोड़ रुपए है। डीआरआई के अधिकारियों ने जानकारी दी कि दोनों यात्रियों को विशेष सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। यह घटना तब हुई जब वे कस्टम ग्रीन चैनल को पार कर गए थे। कस्टम ग्रीन चैनल उन यात्रियों के लिए है जिनके पास कोई शुल्क योग्य सामान नहीं होता है। अधिकारियों ने पाया कि एक यात्री की जैकेट की जेब में विदेशी सोने के चार पैकेट छिपाए गए थे। ये पैकेट अबु धाबी में एक अन्य यात्री ने उसे सौंपे थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### सीमा शुल्क अधिनियम के तहत मामला दर्ज

*डीआरआई अधिकारियों ने इस कार्रवाई को सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अंजाम दिया है। इस मामले की जांच जारी है और आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। सोने की भस्म को मोम के रूप में छिपाकर ले जाने की यह घटना सीमा शुल्क नियमों की उल्लंघन को दशार्ती है, जिसे कानून के तहत गंभीर अपराध माना जाता है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से तस्करी और अवैध गतिविधियों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। वे यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता बरती जाए।*

## गणेश उत्सव के लिए इंजीनियर कलाकार ने बनाई अनूठी मूर्ति

### 'उड़ते बप्पा' रखा नाम



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के एक कलाकार ने आने वाले गणपति उत्सव को लेकर भगवान गणेश की एक अनूठी मूर्ति तैयार की है। पेशे से इंजीनियर कलाकार ने अपनी इस खास कलाकृति को ऐसे बनाया है जिसमें मोदक हवा में उड़ता प्रतीत होता है। यह मूर्ति 28 साल के मूर्तिकार रमाकांत देवरिया ने बनाई है। उन्होंने इसे अनूठे गणपति या उड़ते बप्पा नाम दिया है। रमाकांत देवरिया पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं। अपनी इस खास कलाकृति को लेकर रमाकांत देवरिया ने शनिवार को बताया कि मोदक को हवा में लहराने के लिए चुंबकीय सर्किट का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने बताया कि इसे बनाना बिल्कुल भी आसान नहीं था। रमाकांत देवरिया पिछले दो दशकों से भगवान गणपति की पर्यावरण अनुकूल मूर्तियां बना रहे हैं। उड़ते बप्पा को बनाने को लेकर देवरिया ने कहा, मुझे यह विचार चार साल पहले उस वक्त आया जब मैं अपने सहकर्मियों से बात कर रहा था। मुझे इस चुंबकीय सर्किट को पूरा करने में लगभग साढ़े तीन साल लग गए। मैंने इसे इस तरह बनाया है कि यह बिल्कुल स्वाभविक लगे।

## लाडली बहनों के आशीर्वाद से हमें मिला कवच कुंडल

### उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का दृढ़ विश्वास!

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के वचन पूर्ति समारोह के उपलक्ष्य में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस रविवार को सातारा में थे। वहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ सौरग्राम रूफटॉप सोलर योजना के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने 90 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी श्रीमती हरुताई रामजी पाटिल का अभिनंदन किया और सातारा पुलिस विभाग के भरोसा केंद्र का भूमिपूजन भी किया। इन कार्यक्रमों के मौके पर जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए डीसीएम देवेंद्र ने कहा कि हमने शनिवार को लाडली बहन लॉन्च की और मुझे बहुत खुशी है कि इसके बाद पहला कार्यक्रम स्वराज्य की राजधानी सातारा में हो रहा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### हर महीने भेंट का वादा

फडणवीस ने कहा कि सोमवार को रक्षाबंधन पर आपके भाई आपको भेंट देंगे लेकिन राज्य की सरकार में बैठे आपके ये भाई आपको हर महीने भेंट देंगे। इसमें किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। कल 1 करोड़ से ज्यादा बहनों के खाते में 3000 जमा किए गए हैं। जल्द ही 1 करोड़ और बहनों के खाते में पैसा डाला जाएगा। मैं किसी भी बहन को इस लाभ से वंचित नहीं रहने दूंगा। इसलिए गुमराह करने वाले सौतेले भाइयों से सावधान रहें।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### नए दौर का मूड

**विश्व नेताओं के सामने धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। अब टैक्स की ऊंची दर को इसका एक समाधान समझा जा रहा है।**

हाल में इटली से आई इस खबर ने सबको चौंकाया कि वहां की धुर-दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार ने विदेशों में कमाए गए धन पर लगने वाले टैक्स को दो गुना कर दिया है। इटली सबसे कम टैक्स रेट वाले देशों में रहा है। इस रूप में वह उन देशों में है, दुनिया भर के अति धनी लोगों में जहां की नागरिकता लेने की होड़ रही है। मगर अब देश का मूड बदल चुका है। आर्थिक मामलों के मंत्री जियांकार्लो जियोगेर्टी ने कहा कि विभिन्न देश वित्तीय लाभ का ऑफर देने की होड़ में शामिल हों, इटली इस विचार के खिलाफ है। और ये मूड सिर्फ इटली में नहीं है। सुपर रिच लोगों पर टैक्स की एक न्यूनतम वैश्विक दर होनी चाहिए, इस बात की वकालत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी करते रहे हैं, ये और बात है कि उनके प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मगर अब ब्राजील की अध्यक्षता में जी-20 समूह में ऐसी पहल होने की संभावना बनी है। कुछ समय पहले वहां जी-20 के वित्त मंत्रियों की बैठक हुई। उस मौके पर 19 देशों के पूर्व शासनाध्यक्ष भी जुटे। उन्होंने एक साझा बयान में जी-20 देशों से अति धनी लोगों पर टैक्स बढ़ाने का आह्वान किया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज नेसियो लूला दा सिल्वा की पहल पर मशहूर फ्रेंच अर्थशास्त्री गैब्रियेल जुकमैन इस बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चुके हैं। नवंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में यह चर्चा का प्रमुख मुद्दा होगा। विश्व नेताओं के सामने लगभग हर लोकतांत्रिक देश में धुर-दक्षिणपंथ की उठती लहर की चुनौती है, जिसे सीधे तौर पर वहां चार दशकों से अपनाई गई नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों का परिणाम माना गया है। इस सामाजिक उथल-पुथल पर काबू पाने के लिए समझ बनी है कि आर्थिक विकास के लाभ में आम जन को सहभागी बनाना अपरिहार्य हो गया है। इस उभरती आम-सहमति पर गौर करें, तो भारत में चल रहा विमर्श बेहद पिछड़ा हुआ नजर आएगा। अब देखने की बात होगी कि जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाते हैं।

# मायानगरी में आरोहम कल्चरल क्लब की पहल 'शोरगुल' का भव्य आयोजन सम्पन्न


## तनिष्क ज्वेलरी ब्रांड प्रायोजित कार्यक्रम में सोनालीका जोशी शशि दीप सहित आठ विभूतियों का हुआ सम्मान



**मुंबई।** आरोहम नामक एक प्रतिष्ठित कल्चरल क्लब जो मुंबई के कोने-कोने से जुड़े नृत्य संगीत व कला प्रेमियों को एक विशाल मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है द्वारा तनिष्क ज्वेलरी ब्रांड प्रायोजित एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम विगत रविवार 11 अगस्त को कांदिवली ठाकुर विलेज के ठाकुर बंकेट हॉल में सम्पन्न हुआ। यह नृत्य, संगीत व उभरते कलाकारों को बड़े मंच पर एक साथ लाने के ध्येय से किए गए इस आयोजन की सूत्रधार आरोहम की फाउंडींग टीम मूमल चौहान, अनुभा गोयल, डॉ अदिति अग्रवाल, और गौरी धान्डररले हैं। गौरतलब हो कि इन सभी सशक्त महिलाएं द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में अपना परचम लहराने के बाद इस नए वेंचर आरोहम जो कि सोशल वर्क्स और कल्चरल प्रोग्राम्स के माध्यम से देश की विविधताओं को एक मंच पर साथ लाकर एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास है कि स्थापना की गयी है और शोरगुल इसका लॉन्चिंग इवेंट रहा जिसे चहुं दिशाओं से जनता की सराहना मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बी एम सी मुंबई की कमिश्नर डॉ भाग्यश्री कापसे, विशिष्ट अतिथि सीनियर पुलिस ऑफिसर प्रवीण राणे तथा विशेष अतिथि मुंबई के जाने माने समाज सुधारक ठाकुर विलेज स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन के चेयरमैन राहुल तंगड़ी तथा मराठी अभिनेत्री व राजनीतिक चेहरा निशा परुलेकर की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आरोहम की पहल शोरगुल कार्यक्रम की शुरुआत रिचा रावल के ग्रुप भक्तिपूर्ण गणपति वंदना पर आधारित नृत्य प्रस्तुति से हुई। उसके पश्चात कृष्णा डांस एकेडमी के स्टूडेंट्स नृत्य साधकों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। उसके बाद रोहित मंन्दलकर की कोरियोग्राफी साइक्लोन डांस एकेडमी की प्रस्तुति रहीं। मुख्य प्रायोजक (स्पॉन्सरर) देश भर में लोकप्रिय ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क के मुंबई बोरिवली ब्रांच की टीम ने कार्यक्रम में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज की व उपस्थित ऑडियंस को तनिष्क आभूषणों की रोचक जानकारी दी और उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं शोरगुल के असोसिएट स्पॉन्सरर अमी स्कीन एंड हेयर क्लिनिक के मालिक डॉ श्रेयांस टलेसरा एवं डॉ परिधी को भी आरोहम के स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। दूसरे एसोसिएट स्पॉन्सरर ठाकुर विलेज के कट्स एंड कलर्स सलून रहा जिसके मालिक देव को विशेष रूप से आरोहम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। फूड पार्टनर स्वीट क्रिएशन (Sweet Creations Sweet memories बैकिंग फोर यू रहे जबकि गिफ्टिंग पार्टनर अनुपमा पधी के स्वामित्व में स्थपित धानी फूड्स एंड हैंडीक्राफ्ट्स तथा कान्हा क्रिएशन्स रहे जिनके द्वारा तैयार गुडीज को सम्मानित अभ्यागतों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के कम्यूनिटी पार्टनर कांदीवली कनेक्ट फेसबुक ग्रुप के मालिक करन जमीदार थे जिन्होंने कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में महती भूमिका निभाते रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोंकण कन्या बैंड ने अपने एक घण्टे की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम की विशेषता ग्रह रही की इसमें न सिर्फ नृत्य संगीत की प्रस्तुतियां रहीं बल्कि कला और भारतीय संस्कृति को अपने विभिन्न कार्यों द्वारा संरक्षित रखने वाले राष्ट्रीय/ विश्व स्तर के ख्यातिलब्ध विभूतियों का बतौर आमंत्रित अतिथि विशेष सम्मान हुआ। जिसमें ऐक्टर सोमालिका जोशी (तारक मेहता का उल्टा चश्मा) जानी-मानी द्विभाषी लेखिका प्रेस क्लब ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की नेशनल जनरल सेक्रेटरी शशि दीप, ऐक्टर मॉडल डिजाइनर जसवींन्दर गार्डनर, इनसीड NGO की फाउंडर संगीता शिरनामे, सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर रोहित, आर्टिस्ट एजुकेटर प्रतिभा गोयल, एडवेंचर इंथुसियास्ट उत्कर्ष अरोरा, और यंगेस्ट एवरेस्ट बेस कैंप तक जाने वाले ट्विन्स आरव और आर्वी का विशेष आरोहम स्मृति चिन्ह, और अनुपमा पधी प्रायोजित धानी फूड्ज हैंडीक्राफ्ट्स के गुडीज प्रदान कर सम्मान हुआ। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन प्यारी कोकिल कंठ रिद्धि वारिया ने किया। मीडिया पार्टनर जाने माने पत्रकार फिल्म मेकर देवेन्द्र खन्ना रहे।

# कोलकाता के RG Kar मेडीकल कॉलेज में डॉ. मोमिता देवनाथ के साथ हुए जघन्य अपराध के निषेध में तहसील कडेगाव के अस्पताल बंद रखे

**कोलकाता** के RG Kar मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में महिला डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता और हैवानियत के बाद इंसाफ और न्याय की गूंज देश के हर कोने में और तेज होती जा रही है. शहर-शहर सड़क-सड़क डॉक्टर अपने साथी के साथ हुऐ रेप और हत्या के लिए इंसाफ मांग रहे है. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन महाराष्ट्र राज्य एवम मेडीकल प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन एवम नीमा कड़ेगाव शाखा एवम HIMPA कड़ेगाव की और से १७ अगस्त सुबह ६ बजे से १८ अगस्त शाम ६ बजे तक बंद रख अपना निषेध व्यक्त कर रहे हैं. डॉक्टर के साथ हुऐ रेप और मर्डर की वीभत्स घटना से पूरा देश स्तब्ध हैं, उस के साथ हुऐ क्रूर और अमानवीय कृत्य से डॉक्टर्स कम्यूनिटी और महिलाओं के बीच असुरक्षा का माहोल है. इस घटना ने सोचने पर मजबूर कर दिया है, कि अगर मेडिकल कॉलेज जैसी जगह पर डॉक्टर्स सेफ नहीं हैं, तो किस भरोसे अभिभावक अपनी बेटियों को पढ़ाई के लिए बाहर भेजे..? राज्य के बाहर के अलावा महाराष्ट्र के भी कई मेडिकल कॉलेज परिसरों में आज बिल्कुल यही स्थिति है. अस्पताल और गर्ल्स हॉस्टल आधा किलोमीटर दूर हैं, वहां पेड़ और झाड़ियाँ हैं, न रोशनी है, न CCTV




cameras, न सुरक्षा गार्ड। दो साल पहले यवतमाल में हुई थी एक डॉक्टर की हत्या! JR का मतलब है जूनियर रेजिडेंट, एक रेजिडेंट डॉक्टर की जिंदगी को किसी ने एक बार करीब से देखना चाहिए उसे अपने और परिवार के लिए वक्त नहीं...मानसिक तनाव अलग! पीड़िता को न्याय दिलाने के जगह आरोपियों को बचाने की कोशिश अस्पताल और स्थानिक प्रशासन पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है, मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में कोई बाहर से आता है...रेप करता है, हत्या करता है, और अस्पताल प्रशासन ने कहा कि उस ने आत्महत्या की है! माता-पिता को तीन घंटे तक उससे मिलने की अनुमति नहीं दी जाती है। फिर जनता पब्लिक का दबाव बढ़ता है, फिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कहती है कि यह बलात्कार और हत्या है, यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है, उसका गला घोंटा गया, उसके पैर तोड़ दिए गए, उसके साथ बलात्कार किया गया (१५० मिलीग्राम वीर्य स्वाब मिला जो एक व्यक्ति से नहीं हो सकता था), वह थी सिर पर वार किया, आंखों और नाक से खून निकला।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंबई उपनगर जिल्हा स्तरीय ट्रेडिशनल रेस्लिंग व पॅनक्रेशन प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** ११ ऑगस्ट २०२४ को ट्रेडिशनल रेस्लिंग असोसिएशन ऑफ सबर्बन डिस्ट्रिक्ट द्वारा ६वी जिल्हा स्तरीय ट्रेडिशनल रेस्लिंग व पॅनक्रेशन प्रतियोगिता २०२४-२५ का आयोजन। असोसिएशन के अध्यक्ष आशुतोष पांडे, सचिव सुमित मिस्त्री, खजिनदार राहुल भोसले, सदस्य व रेफ्री पूजा पांडे द्वारा राज्य संघटना के सी ए तांबोली व ओमरमुख्तार तांबोली के मार्गदर्शन में समता विद्या मंदिर हॉल, समता नगर, कांदिवली पूर्व में सुचारू रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय मंत्री व उत्तर मुंबई के सांसद पियुष गोयल के शुभ संदेश, पूर्व सांसद व जननायक गोपाल शेट्टी, विधायक अतुल भातखलकर, दिव्यांग करियर के संस्थापक डॉ. योगेश दुबे, द्वारिकामाई चैरिटी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष गौरीशंकर चौबे, पोईसर जिमखाना के उपाध्यक्ष करूणाकर शेट्टी, प्रातःकाल की संपादक सीमा पारीक, समाजसेवक रमेश कुमार मौर्य आदि मान्यवरों ने गरिमामय उपस्थिती के साथ अपनी शुभकामनाएँ भी दी। इस प्रतियोगिता में प्रथम क्रमांक ठाकूर विद्या मंदिर (कोच-अमित पांडे), द्वितीय क्रमांक सुमित मिस्त्री व टीम, तृतीय क्रमांक चीता मार्शल आर्ट्स (कोच - रोहित भंडारी) व दुसरा तृतीय क्रमांक ठाकूर कॉलेज (कोच-अमित पांडे) ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ उत्तीर्ण किया। खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए ट्रेडिशनल रेस्लिंग असोसिएशन ऑफ सबर्बन डिस्ट्रिक्ट हमेशा सक्रिय रहेगा ऐसा कहना रहा असोसिएशन के अध्यक्ष व महाराष्ट्र शासन द्वारा जिल्हा युवा पुरस्कार से सम्मानित आशुतोष पांडे का।



# ईमानदारी आज भी जिंदा है, सड़क पर गिरा मोबाइल मलिक को लौटाया

**बुलढाणा।** आज की स्थिति में ईमानदारी खत्म हो गई है और स्वार्थ बढ़ गया है, कलयुगी दुनिया में भी ईमानदारी अभी भी जिंदा है। समाज में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ईमानदारी का उदाहरण पेश कर दूसरों के लिए मिसाल कायम कर देते हैं। इन्हीं में से एक बुलडाणा अर्बन संस्था के मुख्यालय के एक कर्मचारी सुधाकर शिवाजी मानवतकर है, जिन्होंने सड़क गिरे 35 हजार के मोबाइल को पास रखने की बजाय असल मालिक को लौटा दिया। विवरण के अनुसार शिवाजी सुधाकर मानवतकर निजी काम से चिखली रोड जा रहे थे। इस दौरान बुलडाणा के त्रिशरण चौक पर पैंतीस हजार रुपये का मोबाइल मिला। उन्होंने उक्त मोबाइल फोन लेकर पत्रकार भवन में दैनिक भास्कर के जिला प्रतिनिधि सुनील तिजारे को यह बात बताई। मिले मोबाइल से उसने कॉल रिसीव की। उन्होंने संबंधित शेख इकबाल शेख राशिद का नाम बताया और कहा कि मोबाइल उनका है। सुबह जब शेख इकबाल अपने बच्चे को स्कूल से ला रहे थे तो बच्चे के हाथ से मोबाइल गिर गया। शेख इकबाल शेख रशीद बोराखेड़ी में स्वास्थ्य विभाग में भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। उक्त मोबाइल शेख इकबाल को लौटाया गया, जिसके बाद सुधाकर मानवतकर को हर जगह बधाई दी जा रही है। सुधाकर मानवतकर की ईमानदारी के कारण ग्राहकों का विश्वास बुलडाणा अर्बन परिवार पर बढ़ा है। ऐसे ईमानदार कर्मचारियों के कारण ही बुलढाणा अर्बन का काम दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर पत्रकार मौजूद थे।



# उर्स-ए-रजवी की तैयारियों पर आरएसी ने की बड़ी बैठक

## अदनान रजा ने वॉलन्टीयर्स को सौंपी ज़िम्मेदारियां

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** मरकजे अहले सुन्नत बरेली शरीफ में 106वें उर्स-ए-आला हजरत के साथ-साथ उर्स-ए-अमीन-ए-शरीअत की तैयारियों के सिलसिले में ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) की बड़ी बैठक हुई। बैठक में यूपी के अलावा उत्तराखंड के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा ने जायरीन की खिदमत और उर्स की व्यवस्था के लिए बनाई गई वॉलन्टीयर्स की टीमों को ज़िम्मेदारियाँ सौंपी। उन्होंने जनसुविधा से जुड़े सभी विभागों को ज्ञापन सौंपकर तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने पर जोर दिया। बैठक में हाफिज इमरान रजा बरकाती ने कलाम-ए-पाक की तिलावत की। इसके बाद मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि दरगाह और उर्स स्थलों तक आने-जाने के रास्ते, बिजली, पानी, सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग, अस्थायी शौचालय, हैन्डपंप, रेलवे टिकट खिड़िकियों की व्यवस्था पर आला अफसरों को खुद नजर रखनी चाहिए। उन्होंने आरएसी के वॉलंटीयर्स को ताकीद की कि वो सभी विभागों के कामों में सहयोग करें। हमारा फर्ज़ है कि हम जायरीन की हर सहूलत का ख़्याल रखें। उनके आने-जाने, ठहरने, खाने-पीने से लेकर उनकी सुरक्षा तक में हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी है। बैठक के आखिर में अदनान मियाँ साहब ने दुआ फरमाई। इस मौके पर मुफ़्ती उमर रजा, मुशाहिद रफत, अब्दुल लतीफ कुरैशी, रबज अली साजू, राजू बाबा, हनीफ अजहरी, सईद सिब्तैनी, मोहम्मद जुनैद, मुफ़्ती इमरान रजा, मुफ़्ती मुजीब रजा, मौलाना सुहेल रजा अमजदी, मौलाना अबरार रजा, मौलाना नदीम फारूकी आदि बड़ी संख्या में लोग बैठक में उपस्थित रहे।

# कॉलेज के 4 दोस्तों ने एक लघु फिल्म बनाई जिसने अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीता




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** टायसन न्यूटन फर्नांडिस, अनुराग कुमार, निहाल दुबे और रोश जेसन, सेंट जॉन द बैप्टिस्ट जूनियर कॉलेज, ठाणे महाराष्ट्र के छात्रों ने ₹मैमी पोको पैंट्स₹ नामक एक लघु फिल्म बनाई, जिसने इंडिपेंडेंट वीडियो फिल्म फेस्टिवल में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार जीता। यूट्यूब आर्ट क्लब पावलोस परसाकिस (ग्रीस) ने प्रोडक्शन के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और स्टूडेंट वर्ल्ड इम्पैक्ट फिल्म फेस्टिवल, यूएसए में एक सम्मानजनक उल्लेख जीता। लघु फिल्म को 7 अंतर्राष्ट्रीय नामांकन भी मिले। मैमी पोको पैंट्स का निर्देशन, लेखन और संपादन टायसन न्यूटन फर्नांडीस द्वारा किया गया था, जिसमें अनुराग कुमार, रोश जेसन और टायसन न्यूटन फर्नांडीस ने अभिनय किया था, फोटोग्राफ निहाल दुबे द्वारा और निर्माण भावेश नंदोस्कर द्वारा किया गया था। यह लघु फिल्म टाइममेम्स यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### लाडली बहनों के आशीर्वाद से हमें मिला कवच कुंडल

महिलाओं के इस विशाल सागर को देखकर मैं कह सकता हूं कि जिसके साथ बहनें खड़ी हों, उसे कोई नहीं हरा सकता। उन्होंने विश्वास जताया इन लाडली बहनों के आशीर्वाद से हमें कवच कुंडल मिल गया है। अब हमें लाडली बहनों की सेवा करने से कोई नहीं रोक सकता। फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए देश और महाराष्ट्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। सीएम शिंदे के नेतृत्व में, हमने महिला केंद्रित नीति शुरू की, हमने लेक लाडकी योजना, एसटी में महिलाओं को 50% रियायत, लड़कियों के लिए मुफ्त उच्च शिक्षा आदि जैसी योजनाएं शुरू कीं। फडणवीस ने कहा कि सातारा जिला पहले ही अलग-अलग चीजों के लिए विख्यात रहा है।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उद्धव ठाकरे का 'मिशन मुंबई'

बैठक में हुई चर्चा के आधार पर उद्धव ने मुंबई की 36 सीटों की जिम्मेदारी 18 नेताओं और 18 सहायकों को सौंपी है। प्रत्येक नेता को दो विधानसभा क्षेत्रों के सर्वेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। इस सभी पदाधिकारियों को अपनी सर्वे रिपोर्ट 25 अगस्त तक उद्धव ठाकरे को सौंपने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में शिव सर्वेक्षण अभियान का लाभ उद्धव की पार्टी को हुआ था। इसलिए उद्धव ने एक बार फिर से विधानसभा के लिए लोकसभा की तर्ज पर तैयारी शुरू की है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी में कांग्रेस और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ शामिल है। महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव महा विकास आघाड़ी के घटक दल साथ मिलकर लड़ेंगे। इसके लिए अभी तक सीट शेयरिंग की बात नहीं हुई है, लेकिन उद्धव ठाकरे ने विधानसभा वार चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

### अबु धाबी से अवैध रूप से ला रहे थे सोना

मिली जानकारी के अनुसार अबु धाबी से आए दो लोग मुंबई हवाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे और बिना जांच के कस्टम ग्रीन चैनल को पार कर गए। इसके बाद डीआरआई के अधिकारियों ने दोनों को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक यात्री के जेब से विदेशी सोने के चार पैकेट मिले। इसके बाद अधिकारियों ने इसे जब्त कर दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### कोलकाता के बाद मुंबई में महिला डॉक्टर से मारपीट

**मुंबई।** रविवार सुबह सिविक संचालित सायन अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई। पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर मामला दर्ज कर दिया है। दो को हिरासत में लिया है। मारपीट उस दौरान हुई जब वह कैजुअल्टी वार्ड में एक व्यक्ति के कान से खून साफ कर रही थी। वह महिला डॉक्टर पर चिल्लाया, जिससे बहस शुरू हो गई।



### कविता की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में बीआरएस की नेता के. कविता की जमानत याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कविता को जमानत देने से इंकार करने के दिल्ली हाईकोर्ट के एक जुलाई के फैसले के खिलाफ बीआरएस नेता की याचिकाओं को सुनने पर सहमति जताई।



### जयपुर के दो अस्पतालों में बम की सूचना से हड़कंप

**जयपुर।** यहां के जवाहर नगर स्थित मोनी लेक हॉस्पिटल में बम की सूचना मिलने से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। शनिवार को मेल के जरिये हॉस्पिटल में बम प्लांट होने की खबर दी गई थी। सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने तुरंत मौके पर पहुंचकर अस्पताल परिसर को घेर लिया है। अस मामले में सर्चिंग की जा रही है।



### डेढ़ करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में दो अलग-अलग अभियानों में करीब 1.5 करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त की गई है। 2 महिलाओं समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



## कोलकाता मर्डर मामले में सत्तारूढ़ टीएमसी सांसद सुखेंदु ने उठाए सवाल, भाजपा ने भी किया हमला

महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या के बाद उसकी आत्महत्या की कहानी कैसे गढ़ी गई?

# सुसाइड की कहानी किसने बनाई, जहां शव मिला उस हॉल की दीवार क्यों गिराई गई?

मुंबई हलचल / कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना पर अब सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में ही सिर फुटव्वल शुरू हो गया है। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने इस मामले में सीबीआई से कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग कर दी, वहीं तृणमूल कांग्रेस के ही एक अन्य वरिष्ठ नेता ने इसका विरोध कर दिया।

पूरे घटनाक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस के अंदर ही घमासान मचा हुआ है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुखेंदु शेखर राय ने शनिवार रात को एक्स पर पोस्ट करते हुए सीबीआई से कोलकाता के पुलिस कमिश्नर (सीपी) विनीत गोयल और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की मांग की है। उन्होंने मांग की कि सीबीआई को निष्पक्षता से काम करना चाहिए।





**टीएमसी प्रवक्ता ने ही किया विरोध**

### मैं भी न्याय का समर्थक, लेकिन मांग का विरोध करता हूं: कुणाल



टीएमसी नेता कुणाल घोष ने पार्टी के राज्यसभा सदस्य द्वारा पुलिस आयुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की मांग का कड़ा विरोध किया। घोष ने लिखा, मैं भी आरजी कर मामले में न्याय की मांग करता हूं। लेकिन सीपी के मामले में इस मांग का पुरजोर विरोध करता हूं। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीपी ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है। निजी तौर पर सीपी अपना काम कर रहे थे।

### निचले स्तर पर पहुंची राज्य की मशीनरी: सुकांत



टीएमसी नेता की मांग पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा है टीएमसी, यहां तक कि आपके अपने सदस्य भी स्वीकार करते हैं कि संदीप घोष और सीपी विनीत एक युवा डॉक्टर के भयावह दुष्कर्म और हत्या से कहीं अधिक में शामिल हैं। यह राज्य मशीनरी नए निचले स्तर पर पहुंच गई है। पार्टी के सदस्य अब इस सरकार पर ही सवाल उठा रहे हैं।

**उपद्रवियों को लेकर बड़े दावे**

### प्रदर्शनकारियों के भेष में घुसकर उपद्रवियों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की



आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लगातार विवादों में घिरा हुआ है। गुस्साए छात्र और डॉक्टर लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, बीते दिनों कॉलेज परिसर में प्रदर्शनकारियों के भेष में उपद्रवियों के एक समूह ने अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के साथ ही तोड़फोड़ की थी। उपद्रवियों ने कई वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिए थे। इसके अलावा, इन लोगों ने अस्पताल के आपातकालीन विभाग, नर्सिंग यूनिट और दवा की दुकान में भी तोड़फोड़ की और सीसीटीवी को क्षतिग्रस्त कर दिया। अब इस तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने कम से कम 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**मां बोली- वह 'मेरा जीवन' थी**

### सभी दोषियों की गिरफ्तारी हो और कड़ी सजा मिले



मां ने बताया कि यह हमारे घर पूजा का तीसरा साल था और उसकी इस बार एक बड़ी पूजा आयोजित करने की योजना थी। यह एक विशेष अवसर था क्योंकि वह अपनी पीजी की पढ़ाई पूरी कर चुकी थी। उन्होंने कहा कि अब हम चाहते हैं कि सभी दोषियों की गिरफ़्तारी हो और उन्हें कड़ी सजा मिले। सिर्फ यही उसकी आत्मा को शांति दे सकता है। महिला डॉक्टर की मां (62) ने कहा कि वह उनकी इकलौती बेटी थी। उनका जीवन सिर्फ उसके इर्द-गिर्द ही घूमता था। वह हमारे लिए सब कुछ थी।

**पूर्व प्रिंसिपल पर सीबीआई का शिकंजा**

### कॉल डिटेल, वॉट्सएप चैट की जानकारी मांगी



कोलकाता के मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में सीबीआई जांच में जुटी हुई है। इस सिलसिले में सीबीआई सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से पूछताछ हो रही है। सीबीआई पूर्व प्राचार्य से उनकी 'कॉल डिटेल' और 'चैट' की जानकारियां जुटा रही है। जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि घोष रविवार को लगातार तीसरे दिन सीबीआई अधिकारियों के सामने पेश हुए। इस दौरान उनसे अस्पताल में घटना से पहले और उसके बाद किए फोन कॉल की जानकारियां देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अधिकारी घोष की 'कॉल डिटेल' और डेटा उपयोग की जानकारियां प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन सेवा प्रदाता से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं।

**गुनहगार बच नहीं पाएंगे**

### 3 डी तकनीक का किया इस्तेमाल



कोलकाता के आरजी कर मेडकिल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर से बर्बरता मामले में सीबीआई गुनहगारों की गर्दन तक पहुंचने के लिए हर तरीके अपना रही है। सीबीआई की टीम ने रविवार को हॉस्पिटल के उस इमरजेंसी वार्ड की 3डी लेजर मैपिंग की, जहां डॉक्टर बिटिया के साथ बर्बरता की गई। यहीं पर आधी रात को भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ भी की थी। सीबीआई हर छोटी से छोटी चीज तलाश रही है, ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। इसीलिए जांच एजेंसी की विशेष टीम ने 3डी मैपिंग क्षमता वाली विशेष लेजर स्कैनर मशीनों से इमरजेंसी वार्ड का कोना कोना कैप्चर किया। यह तकनीक दीवार से दीवार तक की 360 डिग्री की तस्वीर ले सकती हैं। इसमें खून का एक छोटा सा छींटा भी कैप्चर हो जाता है। सीबीआई ने संजय रॉय का मनो चिकित्सा की जांच भी करवाई है।

केंद्रीय मत्स्य, पशु व डेयरी मंत्री ललन सिंह ने कहा

## भेड़ और बकरियों के खुर-मुंह के रोग का 2030 तक सफाया करेंगे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय मत्स्य, पशु व डेरी मंत्री ललन सिंह ने शनिवार को एक बैठक के दौरान कहा कि भेड़ बकरियों को खुर व मुंह में होने वाली बीमारियोंसे बचाने के लिए केंद्रीय मत्स्य, पशु व डेरी मंत्रालय देश भर में गहन टीकाकरण अभियान चला रहा है।

उन्होंने कहा कि 2030 तक देश की भेड़-बकरियों को खुर व मुंह की बीमारियों से मुक्त करने की कार्य योजना है। कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में सीरो-निगरानी के आधार टीकाकरण अग्रिम चरण में है। इस दौरान राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और डीएएचडी की सचिव अलका उपाध्याय मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

बैठक में बताया कि कार्ययोजना तैयार टीकाकरण किया जा रहा



### प्रति वर्ष 24,000 करोड़ का आर्थिक नुकसान

*ललन सिंह ने यह भी कहा कि पशुधन भारतीय अर्थव्यवस्था में किसानों की आजीविका में भी योगदान देता है, लेकिन भेड़ व बकरियों के खुर व मुंह में होने वाली बीमारियों से आजीविका में भारी नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि एफएमडी के कारण प्रति वर्ष लगभग 24,000 करोड़ का आर्थिक नुकसान होता है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान से पशुधन का नुकसान नहीं होगा। पशुधन उत्पादों के निर्यात में वृद्धि होगी।*

## भ्रष्टाचार केस में जीएसटी अफसर समेत 3 गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सतर्कता विभाग ने रिश्वत, कर चोरी और सरकार को हानि पहुंचाने के आरोप में वाणिज्यिक कर एवं जीएसटी अधिकारी समेत तीन लोगों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जाजपुर की प्रवर्तन इकाई के सहायक आयुक्त बिनय भूषण त्रिपाठी और दो व्यक्तियों ज्योति पटनायक एवं मोहम्मद गुलाम साद को कर चोरी और 5.85 लाख रुपए से अधिक के सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।



## जय हो गजाजन



मुंबई। मुंबई में गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले रविवार को एक कार्यशाला से भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते भक्त।


## क्रेडाई वर्किंग कमेटी का विस्तार

# अग्रवाल, बिंद्रा और चौहान वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त













मुंबई हलचल / भोपाल

राजधानी के सुनियोजित विकास और शहर की सकारात्मक छवि बनाने के पक्षधर सदस्यों ने सक्रिय योगदान की पहल की है। इसी क्रम में क्रेडाई-भोपाल के प्रेसिडेंट मनोज मीक ने अपनी वर्किंग कमेटी का क्रेडाई चार्टर के अनुसार विस्तार किया है। प्रेसिडेंट मीक ने चार अनुभवी और प्रतिष्ठित मेंबर्स को मनोनीत करते हुए सेज ग्रुप के संजीव अग्रवाल, मल्टी सिटी डेवलपर अमृत होम्स के प्रीतपाल सिंह बिन्द्रा और मशहूर आर्किटेक्ट विपिन चौहान को वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। फॉर्च्यून समूह के अजय मोहगांवकर वर्किंग कमेटी मेंबर होंगे।

संगठन में नवीनता के लिए तीन युवा उर्जावान सदस्यों कृष्णा होम्स के मयंक कपूर, श्री डेवलपर्स गोल्डन सिटी की सुश्री पूर्वी जैन और रौनक सहिता को कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया है। इसके अलावा क्रेडाई मध्यप्रदेश के चेयरमैन नितिन अग्रवाल, नेशनल ज्वॉइंट सेक्रेटरी प्रणव प्रधान तथा क्रेडाई यूथ विंग के अध्यक्ष जवाद भी कार्य समिति के स्वतः सदस्य होंगे। नवनियुक्त पदाधिकारी 23 अगस्त को समारोह पूर्वक कार्यभार ग्रहण करेंगे।

विस्तार के बाद क्रेडाई-भोपाल के नए ऑफिस बियरर तथा वर्किंग कमेटी इस प्रकार होगी:-

**प्रेसिडेंट** : मनोज मीक
**सेक्रेटरी** : सुनील गुप्ता
**वाइस प्रेसिडेंट** : अजय शर्मा, समीर सबरवाल, संजीव अग्रवाल, प्रीतपाल सिंह बिन्द्रा और विपिन चौहान.
**ट्रेजरार** : संजीव सिंह ठाकुर
**ज्वॉइंट सेक्रेटरी** : नीरज मेकर
**डायरेक्टर** : अजय मोहगांवकर, विपिन गोयल, नितिन अग्रवाल, प्रणव प्रधान, जयंत भंडारी, दिनेश गोयल, शिवनव प्रधान, नमन अग्रवाल, जवाद खान, मयंक कपूर, पूर्वी जैन, रौनक सहिता।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के पूर्व मेंबर की मांग, आजम खान हों जेल से रिहा



**बरेली।** अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य मौहम्मद सैफ वली खान ने जेल में बंद यूपी के पूर्व मंत्री आजम खान की जल्द से जल्द रिहाई के लिए महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी बरेली को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य मौहम्मद सैफ वली ने मांग की जिन जिन मामलों में जनाब आजम खान के ऊपर मुकदमें दर्ज कर जेल में कैद किया गया है उन मामलों की निष्पक्ष जांच की जाए। सैफ ने कहा कि आजम खान एक वरिष्ठ राजनीतिक है वो पूर्व यूपी के कैबिनेट मंत्री एवं पुर्व सांसद भी उन्हें इंसाफ मिले। जिस तरह श्री आजम खान के खिलाफ 180 मुकदमे दर्ज किए हैं उनसे जाहिर होता है कि ये सब मुकदमें द्वेष भावना से प्रसाशन एवं पुलिस की साठ गांठ मिली भगत एक साजिश के तहत किये गए हैं। यह सरासर फर्जी हैं। बदले की भावना से ही उनके परिवार के लोगो पर मुकदमे बनाये गए हैं। सैफ वली ने ज्ञापन में पुर्व मंत्री आजम के बेटे और उनकी पत्नी तंजीम फातिमा को झूठे मुकदमे में फसाया जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आज हम सब आजम खान सहाब की रिहाई के लिए बरेली जिला कलेक्ट्रेट पर जमा हुए हैं।

## 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मधुबनी शहर और गांव में हर्ष उल्लास के साथ किया गया ध्वजारोहण

**सरकारी गेर सरकारी और कार्यालयों और तमाम शिक्षन संस्थाओं और मदारीस में 78 वें स्वतंत्रता दिवस जोश और खरोश के साथ मनाया गया**



**मुंबई/सालिम आजाद**

**मधुबनी।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मधुबनी शहर और गांव में हर्ष उल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम वाटसन स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी श्री अरविन्द कुमार माननीय मंत्री खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री श्रीमती लेसी सिंह ने वाटसन स्कूल मैदान के परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी श्री अरविन्द कुमार पुलिस अधीक्षक और मंत्री लेसी सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और परेड की सलामी ली मधुबनी नगर के पुलिस लाइन मैदान व पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और परेड का निरीक्षण किया मदरसा इस्लामिया में मौलाना जियाउर्रहमान इस्लामी मदरसा इसलाहुलमुसलेमीन में मौलाना जलालुद्दीन मिफताही नगर निगम में श्री अरुण कुमार राय डिप्टी मेयर मदरसा इसलाहे इमान ओ अम्ल में मो सालिम ईमानी मदरसा इसलाहुल मोमेनिन में मौलाना कुदरतुलल्हा इस्लामी नेशनल हाई स्कूल में श्री शहाबुद्दीन साहब सहित सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में भी आन बान शान से तिरंगा झंडा का ध्वजारोहण किया गया।

## कुर्ला में 78वां स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगे को दी गई सलामी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 15 अगस्त 2024 गुरुवार 78 वा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फिराया गया और सभी ने मिलकर भारत देश के तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रीय गीत 'जन गण मन अधिनायक जय हे' के साथ गाकर खुशी मनाई और मुँह मीठा किया गया भारत देश तिरंगे का कार्यक्रम नवजीवन सोसाइटी के पास, न्यू मिल रोड, कुर्ला (पश्चिम) मुंबई इस मौके पर मौजूद रहे मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), जय हिंद कुमार प्रजापति, इस्लाम खान, अजय कुमार यादव, अरबाज खान, कलीम शाह, कुदरत खान, अवैस खान, रियाज शेख, अस्मा शेख, बच्चे सिज्हा फातिमा खान, समाइरा फातिमा खान, अफसा खान, अली रमजान खान और अन्य लोगों ने भी मिलकर भारत देश के तिरंगे को सलामी दी गई।

## 78वां स्वतंत्रता दिवस पर सभी भारत देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई



15 अगस्त 2024 गुरुवार 78 वा स्वतंत्रता दिवस पर सभी ने मिलकर एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और मुँह मीठा किया गया वैसे ही एक खास मुलाकात की गई सलमान हाशमी जी नाना नानी सुलभ जीवन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गट 145 मिरा भाईदर अल्पसंख्यक प्रमुख उनके जनसंपर्क कार्यालय मंगल नगर, मिरा रोड(पूर्व) ठाणे में शॉल देकर सत्कार किया और इस मौके पर मौजूद रहे मो. शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), जय हिंद कुमार प्रजापति, अरबाज खान, कलीम शाह, कुदरत उल्लाह और उन महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी वीर योद्धाओ की कुबार्नी को याद किया गया।




**15 अगस्त 78 वा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फिराया गया और सभी ने मिलकर भारत देश के तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रीय गीत 'जन गण मन अधिनायक जय हे' के साथ गाकर खुशी मनाई और मुँह मीठा किया गया भारत देश तिरंगे का कार्यक्रम सुलेमान बिल्डिंग के पास ऑल कुर्ला कमिटी टीम द्वारा कार्यकर्म अयोजित उपस्थित अब्दुल करीम शेख न्यू मिल रोड, कुर्ला (पश्चिम) मुंबई इस मौके पर मौजूद रहे मो.शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), जय हिंद कुमार प्रजापति, इस्लाम खान, अजय कुमार यादव, अरबाज खान, कलीम शाह, कुदरत खान, अवैस खान, रियाज शेख और स्कूल के बच्चे भी मौजुद रहे और अन्य लोगों ने भी मिलकर भारत देश के तिरंगे को सलामी दी गई!**



**श्री राम नगर रहिवासी सेवा संघ सुभाष नगर न-2, यम आई डी सी रोड, अंधेरी पूर्व मुंबई महाराष्ट्र 15 अगस्त को झंडारोहण का कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष पंचम मौर्य**

## घाटकोपर-पूर्व विधानसभा आमदार पराग शाह जी को जन्मदीन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई



16 अगस्त 2024 शुक्रवार घाटकोपर-पूर्व विधानसभा आमदार व भाजपा घाटकोपर पूर्व मंडळ पराग किशोरचंद्र शाह जी को जन्मदीन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई भानुशाली वाडी बैंक्वेट हॉल, तिलक रोड, घाटकोपर (पूर्व) मुंबई मे शॉल और केक से मुँह मीठा किया इस मौके पर उपस्थित रहे सुखबिंदर सिंह (लाला भाई) सेमत अन्य लोगो ने भी हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और आए हुए सभी मेहमानों के लिए पराग शाह जी ने अल्पाहार के साथ उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया।



15 अगस्त गुरुवार 78 वा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फिराया गया और सभी ने मिलकर भारत देश के तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रीय गीत 'जन गण मन अधिनायक जय हे' के साथ गाकर खुशी मनाई और मुँह मीठा किया गया भारत देश तिरंगे का कार्यक्रम अयोजित शिवाजी मैदान, नेहरू नगर, कुर्ला (पूर्व)मुंबई अमीन शेख (आरएसपी) इस मौके पर मौजूद रहे मो.शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), जय हिंद कुमार प्रजापति, इस्लाम खान, अजय कुमार यादव, अरबाज खान, कलीम शाह, कुदरत खान, मो.रफीक खान और स्कूल के बच्चे भी मौजुद रहे और अन्य लोगों ने भी मिलकर भारत देश के तिरंगे को सलामी दी गई।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बिजनसमैन और प्रोड्यूसर गोपेश (अभीर) की ग्रैंड बर्थडे पार्टी, पत्नी त्रिशा संग मनाया खास दिन








**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** एक सफल बिजनसमैन, बेहद नेकदिल इंसान और प्रोड्यूसर गोपेश (अभीर) का बर्थडे मुंबई के बटरफ्लाई हाई क्लब में धूमधाम से मनाया गया, जहां उनकी पत्नी त्रिशा सहित कई हस्तियां मौजूद रहीं। इंडस्ट्री से जुड़े काफी लोगों, अभीर के दोस्तों ने इस जन्मदिन की पार्टी में अपनी उपस्थिति दर्ज की और उनको जन्मदिन की दिल से बधाई और शुभकामनाएं दीं। यहां फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई कलाकार, निर्देशक अभीर को बधाई देने आए, उन्हें कई तोहफे मिले। यहां आए मेहमानों ने उनको जन्मदिन की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दीं, उन्हें केक खिलाकर उनका बर्थडे सेलेब्रेट किया। मुम्बई के अंधेरी स्थित बटरफ्लाई हाई में यह भव्य बर्थडे पार्टी रखी गई जहां डांस म्युजिक मस्ती का देर रात तक माहौल चलता रहा। बर्थडे बॉय अभीर शानदार कोट पैन्ट में बेहद स्मार्ट नजर आ रहे थे वहीं उनकी लाइफ पार्टनर त्रिशा बेहद खूबसूरत ड्रेस में काफी क्यूट लग रही थीं। अभीर ने बताया कि हमारे बर्थडे पर जो रौनक दिखाई दे रही है इसका सारा क्रेडिट मैं अपनी पत्नी त्रिशा को देना चाहता हूं जिन्होंने यह बेहतरीन महफिल सजाई है। यहां जो लोगों, दोस्तों का प्यार मिला, यह सब देखकर मैं अभिभूत हूँ। मैं खुद को बेहद खुशकिस्मत मानता हूं कि मेरे जन्मदिन को मेरे दोस्तों, चाहने वालों ने यादगार बना दिया। आतिशबाजी के साथ अभीर और त्रिशा की एंट्री हुई। प्यार भरे गाने की धुन पर दोनों रोमांटिक मूड में डांस करते नजर आए। फिर बहुत ही लाजवाब केक काटकर उन्होंने पार्टी को एनर्जेटिक बना दिया। तृषा द्वारा आयोजित गोपेश की बर्थडे पार्टी में सलमान भाई, शादमान, केपी, सचिन, नैना, विक्की हाड़ा, रमन, नादिया, नीलेश, विनायक बापट, श्रीपाल जैन, फिरदोस, अवनी, राकेश, अलमास, रवि सिंह, अखिल, मेहुल, सिमी, दीपक, राजेश कुशवाहा, सोहम, आकाश जी, याशिका, अमीर, अजहर, मनीषा केलकर, विक्रांत सिंगटा, राहुल, अमित, अजय, अश्विन और राज शर्मा सहित कई मेहमानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कास्टिंग डायरेक्टर शादमान खान ने बताया कि अभीर भाई बहुत ही अच्छे इंसान हैं, वह एक कामयाब बिजनसमैन हैं, अब प्रोड्यूसर के रूप में भी कई प्रोजेक्ट कर रहे हैं। उनके जन्मदिन पर मैं उनके लिए दुआ करता हूँ कि वह हमेशा खुश और स्वस्थ रहें। इस मौके पर कई हस्तियां बर्थडे पार्टी का हिस्सा रहीं। यहां गायकी और डांस परफॉर्मेंस को भी लोगों ने खूब पसन्द किया। राजस्थान से मुम्बई की अभीर की जर्नी बेहद संघर्ष भरी और मोटिवेशनल रही है। अभीर ने कड़े संघर्ष के बाद सफलता की कहानी लिखी है। यहां उन्होंने अपने प्रोडक्शन हाउस आर्ट एंटरटेनमेंट वर्ल्ड द्वारा जल्द रिलीज होने जा रहे एक बड़े स्केल के म्युजिक वीडियो का जिक्र भी किया। गौरतलब है कि यहां एक्टर रणविजय सिंह, कुमार गौतम, निर्देशक अजहर हुसैन सहित फिल्मी दुनिया की कई हस्तियां अभीर को बधाई और शुभकामनाएं देने आईं। पार्टी में खूब डांस और मस्ती हुई। सभी मेहमानों का स्वागत किया गया।








दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# छोटी उम्र में सारा ने कमाया बड़ा नाम



**सारा अली खान बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत कम समय में अभिनेत्री ने खुद को एक अच्छी हीरोइन के रूप में इंडस्ट्री में स्थापित कर लिया है। छोटी उम्र में ही सारा लाखों लोगों की पसंदीदा बन चुकी हैं। 12 अगस्त को सारा अपना 29वां जन्मदिन मनाई हैं। वह दिग्गज अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। सैफ अली खान और अमृता सिंह साल 2004 में एक-दूसरे से अलग हो गए और सारा की देखभाल उनकी मां अभिनेत्री अमृता ने की।**

सारा अली खान ने फिल्मों में आने से पहले अपनी पढ़ाई पूरी की। वह बॉलीवुड की पढ़ी-लिखी अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। उन्होंने अपनी शुरूआती पढ़ाई मुंबई के बेसेंट मोंटेसरी स्कूल से की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए 2016 में न्यूयॉर्क चली गईं, वहां से उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। सारा अली खान ने साल 2018 में आई फिल्म केदारनाथ से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत नजर आएं। इस फिल्म के लिए अभिनेत्री को 'बेस्ट फीमेल डेब्यू' का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला। सारा अली खान जहां एक तरफ पटौदी खानदान से ताल्लुक रखती हैं, वहीं, वह खुद भी करोड़ों की मालकिन हैं। उन्होंने कई बड़े स्टार्स के साथ कई हिट फिल्में की हैं। वह छोटी सी उम्र में ही लग्जरी लाइफ जीती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 41 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। सारा अली खान के फिल्मों की फीस की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अपनी एक फिल्म के लिए पांच से सात करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर सारा ने मुंबई में एक घर भी खरीदा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके घर की कीमत तकरीबन 1.5 करोड़ रुपये है। बता दें कि सारा को महंगी गाड़ियों का भी शौक है। उनके पास मर्सिडीज बेंज जैसी लग्जरी कार भी है।

## बांग्लादेश पर बोली हिना- मानवता की मौत है



अभिनेत्री हिना खान ब्रेस्ट कैंसर का उपचार करा रही हैं। बीते दिनों जांच में उन्हें बीमारी का पता चला था, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को इसकी सूचना दी थी। हिना खान इस मुश्किल वक्त में बड़ी हिम्मत से काम ले रही हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री हिना खान ने 'बांग्लादेश के हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों' के खिलाफ हिंसा के बारे में पोस्ट किया है। हिना ने लिखा, हर निर्दोष की मौत मानवता की मौत है, चाहे वह किसी भी देश, जाति या धर्म का हो। किसी भी समुदाय को ऐसे भयानक घटनाओं से नहीं गुजरना चाहिए, जो गलत है वह गलत है। किसी भी देश के अल्पसंख्यकों का संरक्षण उनके सामूहिक सामुदायिक स्वभाव का प्रतीक है। हिना ने आगे लिखा, 'मेरी संवेदना दुनिया भर में पीड़ित हर व्यक्ति के साथ है। क्योंकि मेरे लिए मानवता सबसे पहले है। मैं प्रार्थना करती हूं कि बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक अपने देश में सुरक्षित रहें।' बता दें कि हाल ही में हिना की सर्जरी हुई है। इस मुश्किल वक्त का सामना हिना काफी मजबूती से कर रही हैं। धीरे-धीरे वह अपने रूटीन में लौट रही हैं।

## 81 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन कर रहे हैं काम

**बॉलीवुड** सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने 81 साल की उम्र में भी काम करने की वजह बताई है। एक्टर फिल्म के साथ-साथ टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति को होस्ट करते हैं। इस में एक्टर से सवाल पूछा गया था कि वो इतनी ज्यादा उम्र में भी काम क्यों करते हैं। इस सवाल का जवाब अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में बड़े ही खूबसूरती के साथ दिया है। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में क्या जवाब दिया है। अमिताभ बच्चन ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें जॉब अपॉर्चुनिटी मिल जाती है इसलिए वो काम करते हैं। महानायक ने कहा, "लोगों के पास उनकी कंडीशंस होती हैं। कुछ लोग अक्सर अपने रोल मॉडल को फॉलो करते हैं। मेरी जगह आकर देखिए और पता लगाइये, शायद आप सही हों या नहीं, आपको अपना जवाब ढूंढने की आजादी और मुझे मेरा काम करने की। बिग बी ने कहा कि मुझे काम मिल रहा है इसलिए मैं काम कर रहा हूं। हो सकता है मेरी इस बात से कुछ लोग सहमत न हों लेकिन हर किसी को बोलने की आजादी है तो हर किसी की बात सुनी जाएगी। परमानेंट का उपाय ढूंढिए अगर ये आपके या आपके बिजनेस के लिए है। मेरा हो गया मैं अभी भी डटा हुआ हूं अपना काम करता हूं, आपको इससे कोई परेशानी?"

